# आप रोजगार दो, हम सुविधाएं देंगे : संतोष गंगवार

## दैनिक जागरण के कॉफी टेबल बुक कार्यक्रम में दिल्ली–एनसीआर के 25 उद्यमियों को किया गया सम्मानित


नोएडा के सेक्टर–18 स्थित रेडिसन होटल में आयोजित जागरण कॉफी टेबल बुक के 42 वें संस्करण का अनावरण करते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार साथ में मौजूद दैनिक जागरण के कार्यकारी संपादक विष्णु प्रकाश त्रिपाठी •

**जागरण संवाददाता, नोएडा** : देश में रोजगार के साधन बढ़ेंगे, तभी सबकी तरक्की होगी। उद्यमी अधिक से अधिक निवेश करें और लोगों को रोजगार दें। केंद्र सरकार उद्यमियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने व उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संकल्पित है। निवेशकों की सहूलियत और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार 44 पुराने श्रम कानूनों को वेतन, सामाजिक सुरक्षा,औद्योगिक सुरक्षा एवं कल्याण और औद्योगिक संबंध-इन चार श्रेणियों के कानूनों में मिलाने जा रही है। अब हर कर्मचारी को नौकरी का प्रमाणपत्र भी मिलेगा। जागरण कॉफी टेबल बुक की 42वीं पुस्तक के अनावरण व उद्यमियों के सम्मान समारोह में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संतोष गंगवार ने शुक्रवार को यह बातें कहीं।


नोएडा के होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित कार्यक्रम में उद्यमियों से गंगवार ने कहा कि अटलजी के समय में श्रम कानूनों को कम करने का काम शुरू हो गया था। लेकिन, दस साल तक इसे गति नहीं मिली। मोदी सरकार में हर क्षेत्र में काम हो रहा है। आने वाले समय में उद्यमियों को रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस, रिटर्न की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी।

**नोएडा के होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित हुआ कार्यक्रम, अब तक की 42 किताबों में से उद्यमियों पर यह 26वीं किताब प्रकाशित**

उन्होंने कहा कि कई राज्यों में 50 साल से मजदूरों को मात्र 100 रुपये ही दैनिक मजदूरी मिलती थी।

नियोक्ता कर्मचारियों को नौकरी का प्रमाणपत्र भी नहीं देते थे। अब हर कामगार को प्रमाणपत्र मिलेगा। सरकार देश भर के सभी 700 जिलों में ईएसआइ अस्पताल खोलने जा रही है, जिससे इलाज की सुविधा सुलभ होगी। मजदूरों के लिए पेंशन योजना की भी शुरुआत की जा रही है। हर मजदूर को प्रतिमाह 50 से 200 रुपये जमा करने होंगे। आज के समय से उन मजदूरों को 60 साल की उम्र पूरी होने के बाद तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। इस योजना से संगठित और असंगठित वर्ग के लगभग 50 करोड़ कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि यहां पिछले 25 वर्षों से नए उद्योग नहीं लगे, जो थे वह भी बंद होने लगे थे। अब योगी सरकार आने के बाद उत्तर प्रदेश में भी माहौल बदलने लगा है।

इससे पहले समारोह का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार, दैनिक जागरण के कार्यकारी संपादक विष्णु प्रकाश त्रिपाठी व डिप्टी एडिटर दैनिक जागरण-आइनेक्स्ट शर्मिष्ठा शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। शर्मिष्ठा ने जागरण कॉफी टेबल बुक की परिसंकल्पना और उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 2009 में जागरण कॉफी टेबल की शुरुआत हुई। अब तक की 42 किताबों में से उद्यमियों पर यह 26वीं किताब प्रकाशित हुई है। उन्होंने कहा कि हम राज्यों, शहरों और देवालयों पर भी किताब लिखने जा रहे हैं। पुस्तक के अनावरण के बाद उद्यमियों का सम्मान किया गया।



सभी अवार्ड विजेताओं को मेरा हार्दिक अभिनंदन। मुझे पूरा यकीन है कि इन सभी उल्लेखनीय विजेताओं ( इमर्जिंग अवार्ड विनर्स ) को आमतौर पर सफलता पाने के पूर्व कठिन बाधाओं का सामना करना पड़ा था। उन्होंने हार मानने से इन्कार किया और अपनी राह पर तब तक आगे बढ़ते गए, जब तक सफलता ने उनके कदम न चूम लिए। मैं मानता हूं कि सभी विजेताओं का नारा 'हम जीतेंगे– हम जीतेंगे और सिर्फ हम ही जीतेंगे' था। एक बार फिर सभी को हार्दिक अभिनंदन।

**संजय प्रधान**, डायरेक्टर आइसीसी मीडिया


जागरण कॉफी टेबल बुक के 42 वें संस्करण के अनावरण व उद्यमियों के सम्मान समारोह का दीप जलाकर शुभारंभ करते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार साथ में मौजूद दैनिक जागरण के कार्यकारी संपादक विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, डिप्टी एडिटर दैनिक जागरण–आइनेक्स्ट शर्मिष्ठा शर्मा।


सम्मान समारोह में केएमबी पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विपिन जैन को अवार्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


साहनी इंजीनियरिंग कंपनी के निदेशक रवि साहनी को अवॉर्ड देते संतोष गंगवार •


पीएनबी किचनमेट के चेयरमैन राकेश बजाज की जगह राजीव बजाज को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


एसइपीएल इंडिया लिमिटेड के निदेशक मोहन यादव को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


वेम्बले पेंट्स एंड केमिकल्स के चेयरमैन डॉ . एच.बी.एस. लांबा, एमडी एच. कंवर लांबा और डायरेक्टर मनदीप लांबा को अवॉर्ड देते संतोष गंगवार •


वसुंधरा हॉस्पिटल लिमिटेड के चीफ मेडिकल डायरेक्टर संजय मकवाना की जगह प्रतीक मगवाना को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


पारस पॉलीकैब प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर सुभाष जिंदल को अवॉर्ड देते केंद्रीयश्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


मार्क इलेक्ट्रॉनिक कारपोरेशन के सीइओ के .डी . भार्गव को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


यूनिपीगैसस प्रोफाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अंकूर गर्ग को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


ओजी हैवी ड्यूटी के निदेशक संजय गोयल और आगोश जैन को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


वेजले फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित बजाज को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


समरकुल होम एप्लायेन्सेस लिमिटेड के सीएमडी संजीव कुमार गुप्ता को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •



यूनिक इंटरनेशनल के निदेशक राजीव गुप्ता को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


गिरीश रेडियो कारपोरेशन के मैनेजिंग पार्टनर राजेश कुमार गोयल को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


सम्मान समारोह में श्री प्रयाग एयर कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर यू . के . सरदाना को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


आइबीएल ग्रुप ऑफ कंपनीज की चेयरमैन एंड एमडी होमाइ इंजीनियर को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •



ऑफकॉम सिस्टमस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अनिल टिक्कू को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


अजन्ता फूड प्रोडक्ट्स कंपनी के प्रोपराइटर यश देव भारद्वाज को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


अबुलो टेक्नोलॉजिस के निदेशक अभिमन्यु शर्मा को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


प्रोजटेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के एमडी बीएम पांडेय को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


डॉक्टर विश्वास गुड हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी आशीम कुमार विश्वास को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


विवेक अग्रवाल और साहिल अग्रवाल को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


जैनसंस इंडिया के प्रोपराइटर शांति लाल जैन को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


रेडिक्स पावर सल्युशन के एमडी जसमीत सिंह और चेयरमैन प्रबनीत सिंह को अवॉर्ड देते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संतोष गंगवार •


रिवप्रा फॉरमुलेशन प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन राम प्रकाश रस्तोगी और निदेशक विभोर रस्तोगी को अवार्ड देते संतोष गंगवार •